प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर रामदरबार समेत सात मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा हुई सम्पन्न : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देव विग्रहों का किया अभिषेक।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कहा– सरकार समावेशी विकास के माध्यम से गरीबों के कल्याण और नागरिक सशक्तीकरण के लिए है समर्पित।
3. लखनऊ और कानपुर के बीच रैपिड रेल के संचालन को लखनऊ विकास प्राधिकरण ने दी एनओसी : सेवा शुरू होने पर 40 मिनट में पूरा होगा सफर।

और

4. विश्व पर्यावरण दिवस पर आज प्रदेशभर में चलाया गया वृहद पौधरोपण अभियान : मुख्यमंत्री ने लखनऊ और केन्द्रीय मंत्री सीआर पाटिल ने बुलंदशहर में लगाया पौधा।

———————————

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आज प्रथम तल पर पूरे विधिविधान के साथ रामदरबार समेत सात अन्य मंदिरों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शामिल

हुए। उनके साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास, महासचिव चंपत राय, स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। पेश है एक रिपोर्ट....

*गंगा दशहरा के पावन पर्व पर अभिजीत मुहूर्त में आज श्रीराम दरबार के साथ मन्दिर परिसर के सभी नवनिर्मित देवालयों में एक साथ सामूहिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा हुई। श्री राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय अनुष्ठान में आज अंतिम दिन सुबह साढ़े छह बजे से यज्ञ मंडप में पूजन हवन हुआ। इसके बाद एक साथ सभी देवालयों में काशी के विद्वान पंडित जयप्रकाश के नेतृत्व में 101 वैदिक आचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान सम्पन्न करवाया। इस समारोह में माता जानकी के साथ सिंहासन पर विराजमान भगवान श्रीराम, उनके साथ खड़े भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के विग्रहों के साथ–साथ भगवान बजरंगबली के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक विधि–विधान से संपन्न हुई। श्रीराम दरबार और शेषावतार के साथ ही परकोटा में स्थित शिव मंदिर, गणेशजी, हनुमानजी, सूर्यदेव, मां भगवती के साथ अन्नपूर्णा माता भी प्रतिष्ठित हुई। ये सभी प्रतिमाएं सफेद संगमरमर से बनाई गई हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार ,अयोध्या।*

इससे पहले अयोध्या पहुंचकर मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला मंदिर में विधि–विधान से दर्शन–पूजन किया। मुख्यमंत्री ने अपने 53वें जन्मदिन के अवसर पर भक्तों के साथ संवाद किया और उनकी शुभकामनाएं स्वीकारीं।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री ने अयोध्या नगर निगम के वर्तमान बोर्ड के दो वर्ष पूरे होने पर अयोध्या के लिए लगभग 63 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान

के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या की पहचान विश्व पटल पर बदल रही है। बाइट....

*आज जो कोई भी अयोध्या आता है अभिभूत होकर के जाता है। हमारे राम लला तो भव्य मंदिर में आ गए। उत्तर प्रदेश भी अब नए भारत का नया उत्तर प्रदेश बन रहा है। विकास के नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की जो रूपरेखा प्रधानमंत्री मोदी जी ने तय की आज जब जमीनी धरातल पर दिखाई दे रहा है तो अयोध्या धाम की तरह भी उत्तर प्रदेश भी चमकता हुआ दिखाई दे रहा है।*

मुख्यमंत्री ने सरयू जयंती महोत्सव का भी शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन अयोध्या की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर केंद्र सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। अपन सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मज़बूत बुनियादी ढांचे और समावेश की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया।

———————

भारत में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों

में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर विशेष श्रृंखला लेकर आया है। आज, हम शिक्षा और खेल पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो भारत की अमृत पीढो– युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने की कुंजी है। एक रिपोर्ट....

*सरकार शिक्षा और खेल के माध्यम से युवाओं के भविष्य के सपनों की नींव रख रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने समग्र और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वाकांक्षी रोड मैप तैयार किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक देशभर के स्कूलों में प्री स्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 प्रतिशत और वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत नामांकन किए जाएं। वर्ष 2014 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या 51 हजार थी जो अब बढ़कर 70 हजार से अधिक हो गई है इसमें आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे शिक्षण संस्थान की संख्या अधिक है। पीएम श्री योजना के तहत देशभर में साढे 14 हजार स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। शिक्षा के साथ–साथ खेल क्षेत्र भी सरकार की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में है। खेलो इंडिया अभियान के तहत देशभर में एक हजार से अधिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं और 3 हजार युवा खिलाड़ियों को सालाना 6 लाख रुपए से अधिक की मदद दी जा रही है। टारगेट ओलम्कि पोडियम योजना के तहत देश के शीर्ष खिलाडियों को विशेष प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किये जा रहे हैं। भारत ने पिछले दो ओलंपिक में 13 पदक जीते हैं और पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक अपने नाम किये हैं। भारत अपने युवाओं को पढ़ाई के साथ–साथ उन्हें बड़े सपने देखना, तेज दौड़ना और कभी न रूकना भी सीखा रहा है। रहीसुद्दीन रेहान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

राजधानी लखनऊ और औद्योगिक नगरी कानपुर के बीच रैपिड रेल के संचालन के लिये लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एनओसी दे दी है। इसके शुरू होने के बाद लखनऊ से कानपुर महज 40 मिनट में पहुंचा जा सकेगा। रैपिड रेल परियोजना के लिये लखनऊ और कानपुर के बीच में नमो रेल कॉरिडोर विकसित किया जायेगा। नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपारेशन एनसीआरटीसी ने इस प्रोजेक्ट पर तेजी से काम शुरू किया कर दिया है। 160 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलने वाली इस रैपिड रेल का स्टॉपेज लखनऊ, उन्नाव और कानपुर होगा।

————————

प्रदेश सरकार ने डिफेन्स एवं एयरोस्पस सेक्टर में निवेश प्रोत्साहित करने के लिए 'एयरोस्पेस तथा रक्षा इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति–2024' के लिए एसओपी जारी कर दी है। इसके अंतर्गत राज्य के 6 डिफेन्स नोड

अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी और चित्रकूट विकास के केंद्र बनेंगे।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर पौधरोपण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान 15 अगस्त तक लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वन महोत्सव में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बाइट....

*वृक्षारोपण का लक्ष्य हम लोगों ने इस बार भी रखा है। यह क्रम पंद्रह अगस्त तक निरंतर चलेगा। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश में अब तक दो सौ दस करोड़ से अधिक वृक्षारोपण के लक्ष्य को वन विभाग के नेतृत्व में पिछले आठ वर्ष में उत्तर प्रदेश सरकार ने लगाया है। जिसमें 75 से 80 फीसदी जो पेड़ लगाये गए थे, वे आज भी जीवित हैं। उत्तर प्रदेश के वन आच्छादन को बढ़ाने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। एक पेड़ मां के नाम हमें पर्यावरण के प्रति और अपनी इस अरण्य संस्कृति इसके प्रति जागरूक करती है।*

विश्व पर्यावरण दिवस पर केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने आज बुलंदशहर में नमामि गंगे मिशन के तहत आयोजित कार्यक्रम का वक्षारोपण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नदियों में फैल रहे प्लास्टिक प्रदूषण को चुनौती करार देते हुए कहा कि प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने के लिये जन जागरूकता जरूरी है।

——————————

गंगा दशहरा के मौके पर आज प्रदेश के विभिन्न जनपदों में श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। अमरोहा के गंगा धाम तिगरी में सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं केपवित्र स्नान और दान पुण्य का सिलसिला जारी है। कानपुर, उन्नाव, प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। वाराणसी मे भी आज शहर के गंगा घाटों पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। पेश है एक रिपोर्ट....

*बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में गंगादशहरा पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। औरदान पुण्य के बाद श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। सुबह चार बजे से हीश्रद्धालु गंगा में स्नान करने के लिए घाटों पर पहुंचने लगे थे। स्नानार्थियों की भारी भीड़ के चलते गौदोलिया सेदशाश्वमेध घाट तक मेले जैसा नजारा रहा। आज सुबह दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा की प्रतिमा का भव्य श्रृंगार कर विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कियागया। इस पावन अवसर पर दशाश्वमेधघाट पर भव्य गंगा दशहरा महोत्सव भी आयोजित किया गयाहै। प्रशासन ने गंगा तट से लेकर बाबा विश्वनाथ दरबार तक सुरक्षा के कड़े इन्तज़ामकिए है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंगा की ओर जाने वाले मार्गो पर यातायात भीप्रतिबंधित किया गया है।*

*मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

——————————

राज्य के बदायूं, श्रावस्ती समेत कई जनपदों में आज भी हल्की बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे लोगों को गर्मी स राहत मिली। हालांकि मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान जताया है। इस

दौरान अधिकतम तापमान में 5 से 6 सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

(समाप्त)